







# शहरों के साथ ग्रामीण स्तर तक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रमुख प्राथमिकता : डॉ . यादव

## मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया, आने वाले दो वर्षों में प्रदेश में 50 मेडिकल कॉलेज हो जायेंगे, विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री ने उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की प्रशंसा की








नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जनवरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में शहरों के साथ ग्रामीण स्तर तक चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के सभी कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं. वर्ष 2003 से पूर्व जहां प्रदेश में सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज थे आने वाले दो वर्षों में प्रदेश में 50 मेडिकल कॉलेज हो जायेंगे. मुख्यमंत्री ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में 350 करोड़ रूपये की लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया.**

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा के श्यामशाह मेडिकल कॉलेज अन्तर्गत स्थापित अस्पतालों तथा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 2440 बेड हो जायेंगे. उन्होंने कहा कि कैंसर यूनिट की स्थापना हो जाने से विन्ध्य अंचल के लोगों को कैंसर के इलाज के लिये बाहर नहीं जाना पड़ेगा उन्हें कैंसर की जांच के साथ ही बेहतर से बेहतर इलाज मिल सकेगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने गरीब वर्ग के लोगों व जरूरतमंदों को सुगम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की जिसकी बड़ी संख्या में मरीज लाभ उठा रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और विविधता के देश को प्रधानमंत्री जी लगातार आगे ले जा रहे हैं. उनके मार्गदर्शन में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं. डॉ. यादव ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व रीवा के विधायक राजेन्द्र शुक्ल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह रीवा एवं विन्ध्य को लगातार विकास के क्षेत्र में आगे ले जा रहे हैं. वह 24 घंटे क्षेत्र के विकास में अपनी जागरूक भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं इसी का परिणाम है कि रीवा व विन्ध्य हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है. मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण भी किया.



### कैंसर यूनिट विन्ध्य वासियों के लिये सौगात होगी : जनार्दन

इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि आज का दिन स्वास्थ्य के मामले में कायाकल्प का दिन है . कैंसर यूनिट की स्थापना विन्ध्य वासियों के लिये सौगात होगी . उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में देश व प्रदेश में मेडिकल कालेजों की स्थापना की जा रही है ताकि अधिक से अधिक चिकित्सक मिलें और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया हो सकें . कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी का ब्राहमाकुमारी संस्थान रीवा द्वारा दिव्य गुणों की माला पहनाई गई . इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पार्षदगण, डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल सहित चिकित्सक, स्थानीय जन उपस्थित रहे .

### 321 .94 करोड़ की परियोजना का चल रहा काम

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश भवन विकास निगम द्वारा श्याम शाह मेडिकल कॉलेज परिसर में नवीन चिकित्सा एवं आवासीय भवनों का निर्माण किया जा रहा है . जिनकी कुल परियोजना लागत 321 .94 करोड एवं कुल क्षेत्रफल 1,17,000 वर्गमीटर है तथा इस परियोजना को पूर्ण करने हेतु 03 वर्षों का समय निर्धारित है . इस परियोजना के अंतर्गत 740 बिस्तरीय मातृत्व एवं शिशु हॉस्पिटल, सर्व सुविधा युक्त 250 बिस्तरीय कैंसर युनिट, 200 बिस्तरीय ओपीडी ब्लॉक, नर्सिंग कॉलेज, नसिंग हॉस्टल तथा डॉक्टर एवं स्टाफ हेतु विभिन्न आवासीय भवनों का निर्माण किया जाना है एवं इसके अतिरिक्त अस्पताल परिसर में मल्टी लेवल पार्किंग तथा समस्त कैम्पस का सौंदर्गीकरण किया जाना प्रस्तावित है . इसके साथ ही 25 करोड़ रूपये की लागत के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तारीकरण कार्य का भी भूमिपूजन हुआ .

### ` चिकित्सा सुविधाओं में और वृद्धि होगी : शुक्ल

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आज का दिन रीवा के लिये सौगात का दिन है. श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों के लिये 350 करोड़ रूपये के कार्यों से पुराने अस्पताल भवन, डॉक्टर्स क्वार्टस तथा अन्य आवश्यक कार्य कराये जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि रीवा में पहले सिर्फ 60 मेडिकल की सीटें थी तथा इसका काफी पुराना भवन हो गया था अब एमबीबीएस की सीटों के बढ़ाने के साथ ही नवीन कार्य व उपकरण बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये सौगात होंगे. उन्होंने कहा कि 200 विस्तर का कैंसर अस्पताल के बन जाने से जांच के साथ उपचार की सुविधा मिलने लगेगी. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पुराने 5 मेडिकल कॉलेजों के नवीनीकरण कार्यों के लिये मुख्यमंत्री जी द्वारा धनराशि उपलब्ध कराई गई है. उन्होंने आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में रीवा व विन्ध्य में बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के सभी कार्य प्राथमिकता से किये जायेंगे. मेडिकल कालेज परिसर में चल रहे निर्माण कार्यो की जानकारी उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने मुख्यमंत्री को दी एवं अस्पताल में मरीजो को मिल रही सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया. मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री के बीच स्वास्थ्य सुविधा को लेकर चर्चा हुई.

## संक्षिप्त




### निरीक्षक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**रीवा,** पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में इकाई में पदस्थ कार्यवाहक निरीक्षक किशोरीलाल ठाकुर का 42 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत्त कार्यक्रम आयोजित किया गया . जिस दौरान पीटीएस रीवा का समस्त स्टाफ मौजूद रहा . सेवानिवृत्ति हो रहे निरीक्षक किशोरी लाल को शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह एडीपीओ मनीष पांडे, श्रीमती आदर्श सिंह सोलंकी व निरीक्षक अंजू कुर्मी के द्वारा प्रदान किए गए . उनके अच्छे स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई .

### कांग्रेस नेता बब्बू भैया के पिता का निधन

**रीवा,** कांग्रेस नेता एवं शहर कांग्रेस कमेटी रीवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश मिश्र ‘बब्बू’ के पिता रामायण प्रसाद मिश्र 82 वर्ष की उम्र में सीता राम कुॅन्ज गान्धी नगर रीवा स्थित निवास में 30 जनवरी को 11 बजे निधन हो गया है . विदित हो कि रामायण प्रसाद मिश्र पी .एच .ई .डी . विभाग में मुख्य मान चित्रकार पद में कार्यरत थे एवं कई वर्षो पूर्व रिटायर्ड हो चुके थे श्री मिश्र अपने सेवा काल में अनेक लोगो को नौकरी दिलवाइ थी मृदभाषी, मददगार एवं दिनभर सक्रिय रहकर जीवन जी रहे थे वे स्वस्थ एवं दवाइयों का उपयोग कम से कम करते थे . बब्बू भैया के पिता जी का अंतिम संस्कार बनारस के मणिकठिका घाट में किया गया उनके निधन पर परिवार जानो एवं ईष्ट मित्रो ने दुख व्यक्त किया है .



### संभागायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**मऊगंज,** मऊगंज जिले में बीते कुछ समय के अंतराल में हुये घटनाक्रमो को लेकर संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया . जिसमें मांग उठाई गई है कि समस्याओं का समाधान किया जाय . देश बचाओं आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान की ओर से सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली शिक्षिका शकुंतला नीरत को मनमानी रूप से निलंबित किया गया है . रिश्वत लेने वाले पंकज श्रीवास्तव जैसे कर्मचारियों के वीडियो वायरल होने के बाद भी कार्यवाही नहीं हुई . जिलहड़ी पंचायत में कार्यवाही के बाद अधिकारी ने कलेक्टर पर आरोप लगाए . ज्ञापन सौपने में मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी, रामेश्वर गुप्ता, भगवानदीन शुक्ला, उमाकांत पाण्डेय, वेदांती शुक्ला ने बताया कि चार फरवरी तक यदि प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं होगी तो वह अग्र प्रदर्शन के लिये आगे आयेंगे .

### वारसी मियां बाबा की दरगाह में ध्वजारोहण

**मऊगंज,** मऊगंज स्थित वारसी मियां बाबा की दरगाह में 77 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया जो गंगा जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल हैं . दरगाह के सज्जादा नशीन मोहम्मद अली वारसी द्वारा हर साल की तरह इस साल भी झण्डा फहरा कर राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया . इस मौके एडवोकेट राम प्रताप शर्मा, पूर्व सीएमओ अरुण श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद पप्पू चौरसिया, एडवोकेट ममनून सिद्दीकी, सरताज वारसी, वार्ड नं 5 पार्षद अन्नू खान, मकसूद खान, लाल बाबू, ललई मौलवी साहब, लकी वारसी, लाल सोनी, शुभम् गुप्ता, बाबू लाल चिकवा, मौलाना आरिफ सहित भारी तादाद में लोग उपस्थित रहे .

## जंगली सुअर के हमले से तीन घायल, किशोरी गंभीर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जनवरी, मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 8 बजे जंगली सूअर के हमले से गांव में हड़कंप मच गया. घर के सामने खेल रही 11 वर्षीय किशोरी पर सूअर ने अचानक हमला कर दिया.**

बच्ची को बचाने दौड़े परिजन भी उसकी चपेट में आ गए. इस घटना में एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए, जिनमें किशोरी की हालत गंभीर बताई जा रही है. उसे प्राथमिक उपचार के बाद संजय गांधी अस्पताल, रीवा रेफर किया गया है. घटना नईगढ़ी थाना क्षेत्र के बंधवा कोठार गांव की है. बताया गया है कि अपने ननिहाल आई सोनम पटेल 11 वर्ष शनिवार सुबह घर के सामने खेल रही थी. इसी दौरान जंगल से भटककर आए जंगली सूअर ने उस पर हमला कर दिया. बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और शोर मचाते हुए सूअर से उसे बचाने का प्रयास किया. इस दौरान अशोक पटेल 40 वर्ष और रंजीत पटेल 23 वर्ष भी सूअर के हमले में घायल हो गए. घटना के बाद तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी लाया गया. प्राथमिक जांच में सोनम पटेल की हालत गंभीर पाई गई, जिसके चलते चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल, रीवा रेफर कर दिया. हमले के बाद से लोग ड़रे हुए है.

### पाइप लाइन टूटने से भरा पानी

मऊगंज के वार्ड क्रमांक 7 चक्रभाठी मोहल्ले में बीती रात बिना बारिश के बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो गई और मोहल्ले वासियों में अपरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया . आनन फानन में इसकी सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई . दरअसल यहां बानी पानी की टंकी की सप्लाई पाईप बीती रात्रि अचानक फूट गई और देखते ही देखते टंकी में भरा पानी मोहल्ले वासियों के घरों तक जा पहुंचा जिससे मोहल्ले में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए . लोगो को परेशानी हुई .



गुढ़ स्थित भैरवनाथ बाबा की पूजा अर्चना करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### केन्द्रीय बजट का प्रसारण भाजपा कार्यालय में आज

**रीवा, 31 जनवरी,** 1 फरवरी को भारत का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किया जाएगा इस बजट को सुनने के लिए भाजपा कार्यालय अटल कुंज में विशेष तैयारी करते हुए बड़ी स्क्रीन की एलइडी टीवी लगाई जाएगी. जिसमें प्रसारण को सुनने के लिए कार्यालय में विशेष रूप से उपमुख्यमंत्रीराजेंद्र शुक्ला पहुंचने वाले हैं. केंद्रीय बजट का प्रसारण प्रात: 11:00 से होना है. जिसमें जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष की वेंकटेश पाण्डेय एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण बजट सुनेंगे.

## मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना और हवन करके किया भैरवनाथ मंदिर का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जनवरी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गुढ़ के समीप ग्राम खामडीह में मध्यप्रदेश शासन की एलएडी योजनांतर्गत भैरव बाबा मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने पर भैरवनाथ लोक परिसर का भव्य लोकार्पण किया गया.**

इसकी कुल लागत 2 करोड़ 19 लाख है. इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भैरव बाबा का विधिवत पूजन-अर्चन एवं हवन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की. मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में ध्वज का आरोहण कर धार्मिक आस्था को नई ऊँचाई दी. लोकार्पण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में त्रिवेणी बरगद, पीपल एवं नीम के पौधों का रोपण भी किया तथा से धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. मंदिर परिसर पहुंचने पर मुख्यमंत्री का लक्ष्मी स्वरूपा नारियों ने मंगल कलश और पुष्पवर्षा से स्वागत किया.

इस अवसर पर 51 बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार करके वातावरण को गरिमा और धर्ममय बनाया. उल्लेखनीय है कि ग्राम खामडीह में स्थित भैरव बाबा की विशाल एवं प्राचीन प्रतिमा अत्यंत दुर्लभ है, जो शयन मुद्रा में स्थापित है. स्थापत्य कला की दृष्टि से यह प्रतिमा लगभग 10वीं शताब्दी की मानी जाती है. यह ऐतिहासिक प्रतिमा वर्षों से खुले आसमान के नीचे स्थित थी. शासन की एलएडी योजना के अंतर्गत 180 लाख रूपये लागत से निर्माण कार्य कराए गए हैं. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी मौजूद रहे.

## घने कोहरे के साथ तापमान में गिरावट और कड़ाके की ठंड

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जनवरी, जिले भर में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है, शनिवार को तापमान में गिरावट आई. घने कोहरे के बीच न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री रहा, वही दिन के अधिकतम तापमान में दो डिग्री का उछाल आया. दिन मे अच्छी धूप खिली रही और अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री रहा.**



उत्तर-पूर्वी हवाएं पांच किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही. मौसम विभाग ने घने कोहरे की चेतावनी दी है. अभी कई दिनो तक कड़ाके की ठंड के साथ घना कोहरा रहेगा. फसल के लिहाज से ठंड लाभदायक है. दरअसल इस बार गेंहू की बोनी बहुत लेट हुई है और जिस तरह से अभी मौसम है वह फसलो के लिये लाभ दायक है. बुधवार को हुई बूंदाबांदी के बाद से तापमान में गिरावट आई है और जिले भर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है. शनिवार को दिन भर कड़ी धूप के बावजूद गलन भरी ठंड बनी रही और ठंड हवाओ ने ठंड को बढ़ा दिया. मध्य फरवरी तक इसी तरह कड़ाके की ठंड पड़ेगी. महाशिवरात्रि के बाद ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है. पश्चिमी विक्षोभ के चलते जिले में बूंदाबांदी हुई और उसके बाद से ठंड का असर औत तेज हो गया है.

## पीके स्कूल में नारी शक्ति वंदन सम्मान समारोह आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जनवरी, सामाजिक संस्था कल्पना कल्याण समिति द्वारा 01 फरवरी रविवार को प्रात: 10: 30 बजे, शासकीय पी.के. कन्या संदीपनी विद्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम होगा.**

भारतीय मूल की प्रथम महिला अंतरिक्ष वैज्ञानिक एवं नारी शक्ति की गौरवशाली प्रतीक डॉ. कल्पना चावला की 24वीं पुण्य स्मरण के अवसर पर ‘नारी शक्ति वंदन सम्मान समारोह 2026’ का आयोजन किया जाएगा.

समिति ने इस आयोजन को नारी सम्मान, नारी सशक्तिकरण तथा छात्राओं के सर्वांगीण विकास से जोड़ते हुए इसे प्रेरणादायी, प्रभावशाली एवं स्मरणीय बनाने का संकल्प लिया है. समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में आशीष कुमार, आयुक्त, तमिलनाडु भवन, नई दिल्ली कुछ समय के लिए कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे.

## यूजीसी एक्ट के विरोध में रीवा बंद आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जनवरी, यूजीसी एक्ट 2026 को लेकर बढ़ते विवाद के बीच अब एक फरवरी को रीवा शहर बंद का आह्वान किया गया है.**

इसको लेकर सामान्य वर्ग के युवाओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदर्शन की रूपरेखा तय की गई. रीवा एवं मऊगंज में शांतिपूर्ण बंद रविवार को रहेगा. सभी से बंद में सहयोग की अपील की गई है. शुक्रवार को विवेकानंद पार्क से एक रैली निकाली गई जो मानसभवन के से सामने से शिल्पी प्लाजा होते हुए कमिश्नरी पहुंची और ज्ञापन सौंपा गया. इस दौरान यूजीसी के नए एक्ट को लेकर जमकर नारेबाजी की गई थी. शांति पूर्ण बंद यूजीसी के विरोध में रविवार को रहेगा.

## कबाड़ व्यापारियों पर फिल्मी स्टाइल से हमला, वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जनवरी, पुराने विवाद के चलते आधा दर्जन युवकों ने रीवा जिले के पनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत रामबाग के समीप कावड़ व्यवसाई दो भाइयों के ऊपर प्राण घातक हमला कर दिया.**

घटना के दौरान दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए परिजनों द्वारा उत्तर प्रदेश के लखनऊ में भर्ती कराया गया है जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक अतीक अहमद और सफीक अहमद दोनों भाई है जो कबाड़ का व्यवसाय करते है. 27 जनवरी की रात्रि तकरीबन 8 बजे दोनों भाई पिकअप वाहन में कबाड़ लेकर बिक्री करने जा रहे थे. इसी दौरान रामबाग के समीप आधा दर्जन की संख्या में युवको ने पिकअप को रोक लिया और दोनों भाइयों को वाहन से उतर कर फिल्मी स्टाइल में जमकर मारपीट की और दोनों भाइयों को पुलिया के नीचे फेंक दिया. इस दौरान वारदात में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए लखनऊ में भर्ती कराया गया है जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है. वारदात के दौरान कुछ लोगों द्वारा वीडियो भी बनाया गया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. वीडियो में नजर आ रहा है कि आरोपियो ने दोनों भाइयों के ऊपर किस तरह प्राण घातक हमला किया हैं घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कर दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है.